गोरखपुर के गोविंद मुक्केबाज़ी की एशियन चैंपियनशिप का करेंगे प्रतिनिधित्व

चर्चा में क्यों?

22 सितंबर, 2022 को बाक्सिंग कोच सुजीत कुमार गौतम ने बताया कि जार्डन में 30 अक्टूबर से 12 नवंबर तक होने वाली मुक्केबाज़ी की एशियन चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ज़िले के गोविंद साहनी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश के गोविंद साहनी राज्य के इकलौते ऐसे खिलाड़ी हैं, जो भारतीय दल में जगह बनाने में सफल रहे। वह 48 किग्रा भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- विदित है कि गोविंद ने अक्टूबर 2021 में सर्बिया में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, पर कोई पदक नहीं जीत पाये थे।
- उल्लेखनीय है कि गोविंद साहनी ने कर्नाटक में पुरुष एलीट राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, थाइलैंड में ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, वियतनाम में ओपन इंटरनेशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, कज़ाखस्तान में ओपन इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।
- इसके अलावा फिनलैंड, पोलैंड, रशिया के साथ भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी पदक हासिल किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/govind-of-gorakhpur-will-represent-the-asian-championship-of-boxing